# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 19 फरवरी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आज जयपुर के बिड़ला सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए। अधिवेशन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये सम्बोधित किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं की भावना है कि कांग्रेस का अधिवेशन चाहे जिला अथवा ब्लॉक स्तर पर हो, सभी कार्यकर्ता नेताओं के साथ संवाद चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय माह में एक दिवस का समय संगठन के पदाधिकारियों से संवाद करने के लिये तय करें तो प्रदेशभर से फीडबैक उन तक पहुॅंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में जनसुनवाई करने हेतु सर्कुलर निकाला हुआ है किन्तु कोरोना महामारी के कारण इस आदेश की पालना में विलम्ब हुआ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी अधिकारियों को ग्राम पंचायत एवं क्लस्टर के स्तर पर जन सुनवाई करने हेतु आदेशित किया जाये तथा सभी विधायक एवं जनप्रतिनिधिगण और कांग्रेस पदाधिकारी ब्लॉक स्तर पर होने वाली इस जन सुनवाई में भाग लेकर जनसमस्याओं के निराकरण में अपनी भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की बोर्ड एवं निगमों में नियुक्ति होना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को एक-एक जिला प्रभार के रूप में दिया जाना चाहिये जहॉं कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की जन सुनवाई कर जनहित के कार्य करवाने में सरकार व संगठन के बीच सेतु स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी आयोग एवं निगमों के नवनियुक्त अध्यक्ष महिने में एक दिन अपने प्रभार वाले जिले में जायें और कार्यकर्ताओं की सुनवाई कर समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु कार्य करें।

श्री डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार की विफलताओं की जानकारी गॉंव-गॉंव, ढाणी-ढाणी जाकर प्रत्येक वर्ग तक पहुॅंचाने का कार्य कांग्रेस को करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया के माध्यम से घर-घर झूठ फैला रही है इसलिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं

2..........

Created by Universal Document Converter

को भाजपा की केन्द्र सरकार की विफलताओं एवं झूठे तथ्यों की सत्यता को जन-जन तक ले जाने हेतु जमीनी स्तर पर कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से वे स्वयं प्रत्येक जिले का दौरा करेंगे जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय नेतागण ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जनता तक ले जाने के लिये कार्यकर्ता प्रशिक्षित किये जायें इस ओर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं जो कि संगठन मजबूती हेतु उठाया गया एक बेहतरीन कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभारी मंत्रियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के बीच जाकर जनता की समस्याओं को दूर करने हेतु कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्यता अभियान में राजस्थान प्रदेश हमेशा अव्वल रहा है तथा वर्तमान में डिजिटल सदस्यता अभियान को सफल बनाकर पुनः नम्बर एक राजस्थान रहे इस हेतु सभी कार्यकर्ता एवं नेता एकजुट होकर प्रयास करें तथा कोई कसर ना छोड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता खासकर जनप्रतिनिधिगण सोशल मीडिया पर अपने द्वारा किये गये कार्यों को पोस्ट कर अपना मीडिया प्रबंधन मजबूत बनायें ताकि सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुँच सके।

उन्होंने कहा कि आगामी वोटर लिस्ट के आधार पर वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होंगे। उक्त वोटर लिस्ट में नव वोटरों के नाम जुड़वाने के साथ ही गलत एवं फर्जी लोगों के नाम हटाने के कार्य में सभी कांग्रेसजन अभी से जुट जायें तो राजस्थान में पुनः सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ सभी विधायकगण सत्ता व संगठन के समन्वय के साथ कार्य करेंगे तो वर्ष 2023 में कांग्रेस की सरकार पुनः सत्ता में आने में कोई संदेह नहीं होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को सुझाव देते हुए कहा कि सरकार के सभी विभागों में स्थानान्तरण एवं पदौन्नति हेतु एक टाईम टेबल निर्धारित किया जाना चाहिए जिसके तहत् एक माह का समय उक्त विभाग में स्थानान्तरण एवं पदौन्नति के लिये प्रस्ताव मांगे जा सकते हैं जिससे विभागों के कार्य निष्पादन पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा स्थानान्तरण पर किसी प्रकार की पाबंदी नहीं होने के कारण अधिकारियों को भी जनहित के कार्य करने के लिये बाध्य किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का

3...........

Created by Universal Document Converter

दायित्व है कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का प्रचार-प्रसार लोगों में करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मान एवं सम्मान बना रहे यह दायित्व प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते उनका है। उन्होंने कहा कि संगठन के सबसे बड़े विशेषज्ञ कोई हैं तो वह श्री अशोक गहलोत हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के हित में जनहितैषी योजना लाने में यदि कोई विशेषज्ञ है तो वह श्री अशोक गहलोत है। उन्होंने कहा कि श्री अशोक गहलोत संगठन को तरजी देकर कार्य करने में विश्वास रखते हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान एवं सम्मान को बनाये रखकर सभी के वाजिब काम होंगे तथा संगठन के कार्यकर्ता प्रदेश के गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में जाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे तथा प्रदेश में वर्ष 2023 में पुनः सरकार बने एवं वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अधिवेशन को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बहुत लम्बे अर्से के बाद प्रदेश कांग्रेस का अधिवेशन आहूत हुआ है इसके लिये प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन कांग्रेस के संगठन की मजबूती की ओर बढ़ता एक कदम है। उन्होंने कहा कि अधिवेशन के माध्यम से सभी कांग्रेसजनों को आपस में संवाद करने का मौका मिलता है तथा मेल-मिलाप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार के सदस्यों को जितना आपस में मिलवाया जाये तथा कार्यों में व्यस्त रखा जाये, उतनी ही कांग्रेस मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संस्कृति है कि जितना व्यस्त रहें उतना ही स्वयं को एवं संगठन को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अधिवेशनों के माध्यम से संगठन के कार्य करने का मौका मिलता है तथा लोगों की प्रतिभा सामाने आती है। उन्होंने कहा कि आशा है जल्द ही पुनः कांग्रेस का अधिवेशन आयोजित होगा जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ता साथ बैठकर सिद्धांतों एवं उसूलों की बात करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की संस्कृति महात्मा गाँधी के समय निर्मित हुई है इसीलिये कांग्रेस का डीएनए एवं देश का डीएनए एक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने आजादी से पूर्व तथा आजादी के पश्चात् अनेक कुर्बानियां दी हैं तथा भाजपा एवं आरएसएस के लोग एक तरह के अपराध बोध से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि देश जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था उस वक्त के स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस ने कोई भूमिका नहीं निभाई, यही अपराध बोध भाजपा एवं आरएसएस के शीर्ष नेतृत्व में है।

4...........

Created by Universal Document Converter

श्री गहलोत ने कहा कि भाजपा धार्मिक एवं जातीय भावना भड़काकर सत्ता प्राप्त करने का कार्य करती है। देश में फासीवादी ताकतें हावी हो रही हैं, देश में भय का माहौल है, मीडिया दबाव में कार्य कर रहा है तथा ईडी व इनकम टैक्स का केन्द्र सरकार द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस हमेशा से मजबूत रही है इस कारण फासीवादी ताकतों का मुकाबला करने में हम सबको श्री राहुल गाँधी का साथ देना है। उन्होंने कहा कि देश में यदि श्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कोई नेता कर रहा है तो वह श्री राहुल गाँधी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध मुद्दा उठाने में श्री राहुल गाँधी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, किन्तु मीडिया का साथ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बोफोर्स के मुद्दे पर सरकार चली गई थी किन्तु कारगिल युद्ध में सैनिकों द्वारा बोफोर्स तोप का इस्तेमाल करने में श्री राजीव गाँधी जिंदाबाद के नारे लगाये जाते थे। उन्होंने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है, इलैक्ट्रोरल बॉण्ड के माध्यम से घोटाला हो रहा है, 90 प्रतिशत इलैक्ट्रोरल बॉण्ड भाजपा के पास हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रूपये प्रधानमंत्री केयर फण्ड के नाम पर लिये गये जबकि इसकी ना तो कोई ऑडिट हो सकती है और ना सूचना ही आम आदमी को मिल सकती है। पीएम रिलीफ फण्ड के होते हुए एक ट्रस्ट बनाकर चंदा लेना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि फासीवादी ताकतों को केवल कांग्रेस ही चुनौती दे सकती है। इसलिये सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कसकर गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जायें तथा संगठन को मजबूत करने के लिये कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपनी निजी सुरक्षा को खतरा होने के बावजूद श्रीमती सोनिया गाँधी ने कांग्रेस को मजबूत करने हेतु कमान संभाली थी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी को आतंकवादियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी बम से उड़ा दिये गये, किन्तु भाजपा के शर्मविहीन लोग पूछते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया। उन्होंने कहा कि देश में चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी और सड़क आज आम घरों तक उपलब्ध है यह कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि देश के विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि 100-100 उपग्रह एक साथ ब्रह्माण्ड में छोड़े जाते हैं। यह विकास कांग्रेस की सरकारों द्वारा किया गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने जो विकसित राष्ट्र बनाया उसके प्रधानमंत्री होने के कारण श्री नरेन्द्र मोदी को विदेशों में सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि आलोचना एवं असहमति लोकतंत्र के गहने हैं, किन्तु आज भाजपा की केन्द्र सरकार से असहमित रखने वालों को जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के विकास में

5...........

Created by Universal Document Converter

कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भी शानदार विकासौन्नमुखी बजट पेश किया था तथा इस बार भी जो बजट पेश होगा वो जनता को खुश करने वाला होगा।

श्री गहलोत ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने में सबसे बड़ी भूमिका संगठन की होती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी यदि कोई प्रस्ताव पारित कर यदि सरकार को अवगत करवाये तो सरकार उसकी पालना करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनभावनाओं के अनुसार योजनायें बनाने तथा नीतिगत निर्णय लेने का कार्य करने की सोच रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं एवं निर्णयों में संगठन को योगदान प्रदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां एकजुट होकर स्थानीय जनआकांक्षाओं के आधार पर प्रस्ताव पारित करे तो स्थानीय प्रशासन को उक्त प्रस्ताव पर कार्य करना ही पड़ेगा क्योंकि स्थानीय प्रशासन को इस बात की भलीभांति जानकारी है कि प्रस्तावों का सम्मान नहीं करने पर राजधानी जयपुर में उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश का बजट विभिन्न माध्यमों से जनता के बीच सीधा प्रसारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बजट भाषण को अपने परिचितों के साथ सुनें जिससे बजट घोषणायें एवं निर्णयों की जानकारी सभी प्रदेशवासियों तक पहुँचाई जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जनता के लिये ना सिर्फ बेहतरीन बजट दिया बल्कि बजट घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से लागू कर प्रदेश का विकास भी किया है। उन्होंने कहा कि आलाकमान को राजस्थान प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने राजनैतिक जीवन से पूर्णतया संतुष्ट हैं तथा पुन: प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाकर आलाकमान द्वारा जताये गये विश्वास पर खरा उतर आलाकमान को संतुष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों को निभायें तो प्रदेश में पुन: कांग्रेस सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

अधिवेशन को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने सम्बोधित करते हुए अधिवेशन के आयोजन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी कांग्रेसजनों को अधिवेशन के माध्यम से अपने विचार रखने की जो पहल की है स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि पहली बार राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सुनकर मुख्यमंत्री बजट बनाना चाहते हैं, यह एक अच्छी शुरूआत है। उन्होंने कहा कि सम्भवतया पहली बार इतिहास में अलग से कृषि बजट पेश किया जा

6...........

Created by Universal Document Converter

रहा है जिसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता बढ़ती मंहगाई से त्रस्त है तथा युवा बेरोजगारी के दंश को झेल रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कुप्रबंधन के कारण पेट्रोल एवं डीजल के दाम कई गुना एक्साईज ड्यूटी बढ़ाने के कारण आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने की बजाए केन्द्र सरकार ने काले कृषि कानूनों के माध्यम से उनकी आजीविका छीनने की कुचेष्टा की थी। उन्होंने कहा कि देश की सीमायें सुरक्षित नहीं है, लगभग हजार किलोमीटर भारतीय भूमि पर चीन का कब्जा हो गया है किन्तु इसके विरूद्ध कोई कार्यवाही करना तो दूर, मोदी सरकार स्वीकार भी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के माध्यम से छोटे एवं मझौले उद्योगों को बर्बाद कर दिया है तथा पिछले 7 वर्ष में केवल अपने पूंजीपति मित्रों को कॉरपोरेट टैक्स घटाकर राहत प्रदान की है जबकि आम आदमी जीएसटी एवं अन्य टैक्सों की बढ़ोत्तरी से मंहगाई के बोझ तले दब रहा है।

श्री माकन ने कहा कि राजस्थान प्रदेश का प्रभारी होने पर उन्हें नाज है क्योंकि प्रदेश में जनभागीदारी के साथ पार्टी ने जनघोषणा पत्र बनाकर चुनाव लड़ा तथा जनता के हित में बड़े-बड़े निर्णय लिये। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा बधाई के पात्र हैं जिनके शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में 1200 से अधिक महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले गये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, मुफ्त दवा योजना जैसी जनकल्याणगारी योजनायें लागू हैं जिसका लाभ सभी प्रदेशवासी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को एक हजार रूपये प्रतिमाह बिजली के बिल में छूट दी जाती है जिस कारण तीन लाख अधिक किसानों का शून्य बिल आ रहा है, ये सब योजनायें गर्व करने वाली है। उन्होंने कहा कि 8 रूपये में पौष्टिक भोजन इंदिरा रसोई योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 22 लाख से अधिक किसान कर्ज माफी का लाभ प्राप्त कर चुके हैं जो कि राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता सत्ता व संगठन में समन्वय बनाकर कार्य करें और वर्ष 2023 में कांग्रेस पुनः प्रदेश की सत्ता में आये, साथ ही वर्ष 2024 में केन्द्र में कांग्रेस सरकार का गठन हो यह सुनिश्चित करने हेतु कोई कसर ना छोड़े।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश सरकार के 2022-2023 के आम बजट में प्रावधान रखने हेतु सुझाव का प्रस्ताव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा रखा गया जिसका अनुमोदन

7...........

Created by Universal Document Converter

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे इस संकल्प का प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री गजेन्द्रसिंह सांखला ने रखा जिसका अनुमोदन प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री जसवंत गुर्जर ने किया। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की विफलताओं की निन्दा प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी ने रखा जिसका अनुमोदन प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमती प्रतिष्ठा यादव ने किया। चतुर्वेदी ने बताया कि सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। उन्होंने बताया कि अधिवेशन को कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य श्री रघुवीर सिंह मीणा, गुजरात प्रभारी डॉ. रघु शर्मा, असम प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री मोहन प्रकाश, मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, सांसद श्री नीरज डांगी, एआईसीसी सचिव एवं जिला प्रमुख श्री कुलदीप इन्दौरा, विधायक श्री राजकुमार शर्मा, श्री इन्द्राज गुर्जर, श्री जगदीश जांगिड़, इण्टक प्रदेशाध्यक्ष श्री जगदीश श्रीमाली, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीकर श्रीमती सुनीता गठाला, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष श्री अभिषेक चौधरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री गणेश घोघरा, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा, पीसीसी सदस्य श्री सत्येश शर्मा, अजमेरी डेयरी अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी, चेयरमेन सैनिक कल्याण बोर्ड श्री मानवेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। धन्यवाद मंत्री डॉ. महेश जोशी ने ज्ञापित किया। मंच संचालन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल एवं प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी ने किया।

**पारित प्रस्तावों की प्रतियां संलग्न हैं।**

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter